डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
उत्तर प्रदेश सरकार

पत्रांक 2513/का0सं0–240/डॉ.एस.एम.एन.आर.यू./2019–20 दिनांक 18 मार्च, 2020

// कार्यालय–ज्ञाप //

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा कोरोना वायरस (कोविड–19) के संक्रमण को एक वैश्विक महामारी घोषित किया गया है। वर्तमान समय में प्रदेश में कोरोना वायरस के संक्रमण से होने वाली बीमारी कोविड–19 के कुछ प्रकरण प्रकाश में आये हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश के क्रम में मुझे कहने का का निदेश हुआ है कि कोविड–19 के प्रसार की रोकथाम हेतु सोशल डिस्टेन्सिंग एवं अन्य उपाय को अपनाये जाने के सम्बन्ध में निम्नानुसार कार्यवाही की जाती है–

1. विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाली स्पेशल बैक पेपर परीक्षाएं, शैक्षणिक सत्र 2019–20 की सत्रान्त परीक्षान्तर्गत मिड सेमेस्टर, एसाइनमेन्ट/प्रेजेन्टेशन की समस्त परीक्षाएं दिनांक 05 अप्रैल, 2020 तक के लिए पूर्ण रूप से स्थगित की जाती है।
2. विश्वविद्यालय में समस्त शैक्षणिक गतिविधियाँ दिनांक 05 अप्रैल, 2020 तक के लिए स्थगित रहेंगी, किसी भी प्रकार के सेमीनार, कार्यशाला एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जायेगा।
3. विश्वविद्यालय में संचालित महिला एवं पुरुष छात्रावास एवं छात्रावास में संचालित मेस दिनांक 02 अप्रैल, 2020 तक बन्द रहेगी।
4. विश्वविद्यालय में संचालित महिला एवं पुरुष छात्रावास के चीफ प्रोवोस्ट/अतिरिक्त चीफ प्रोवोस्ट से अनुरोध है कि उक्त अवधि में महिला एवं पुरुष छात्रावास में आवासित विद्यार्थियों को उनके गृह निवास स्थान पर प्रस्थान करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनाँक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित : –

1– मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2– वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3– समस्त अधिष्ठाता, विश्वविद्यालय।
4– समस्त विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय।
5– परीक्षा नियंत्रक, विश्वविद्यालय।
6 चीफ प्रोवोस्ट/अतिरिक्त चीफ प्रोवोस्ट, महिला एवं पुरुष छात्रावास को इस अनुरोध के साथ तदनुसार यथावश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।
7– समस्त शिक्षकवृन्द, विश्वविद्यालय।
8– समस्त अधिकारीगण, विश्वविद्यालय।
9– समस्त कर्मचारीगण, विश्वविद्यालय।
10– विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
11– नोटिस बोर्ड।

18/3/20
(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
उत्तर प्रदेश सरकार

पत्रांक 2916 / फा0सं0–240 / डी.एस.एम.एन.आर.यू. / 2019–20 दिनांक 18 मार्च, 2020

// कार्यालय–ज्ञाप //

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा कोरोना वायरस (कोविड–19) के संक्रमण को एक वैश्विक महामारी घोषित किया गया है। वर्तमान समय में प्रदेश में कोरोना वायरस के संक्रमण से होने वाली बीमारी कोविड–19 के कुछ प्रकरण प्रकाश में आये हैं, जिनका उपचार किया जा रहा है। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा कोविड–19 के प्रसार की रोकथाम हेतु सोशल डिस्टेन्सिंग एवं अन्य उपाय को अपनाये जाने के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश निर्गत किये गये हैं।

उक्त के क्रम में मुझे कहने का का निदेश हुआ है कि विश्वविद्यालय में प्रशासनिक भवन में संचालित समस्त कार्यालय दिनांक 23 मार्च, 2020 तक बन्द किया जाता है, परन्तु समस्त कार्मिक मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे, विश्वविद्यालय में आकस्मिक आवश्यकताओं को दृष्टिगत बुलाये जाने पर उपस्थित होकर कार्य सम्पादित किया जाना आवश्यक होगा, नजारत अनुभाग एवं लेखानुभाग में कार्यरत कार्मिकों को आवश्यकतानुसार अपनी सेवाएं दिया जाना सुनिश्चित करेंगे, जिससे विश्वविद्यालय की अनिवार्य सेवाएं यथा–बिजली, पानी, चिकित्सा एवं स्वच्छता आदि की नियमित रूप से पूर्ति की जा सके।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनाँक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित : –

1– मा0 कुलपति महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
2– वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3– परीक्षा नियंत्रक, विश्वविद्यालय।
4 चीफ प्रोवोस्ट / अतिरिक्त चीफ प्रोवोस्ट, महिला एवं पुरूष छात्रावास को इस अनुरोध के साथ छात्रावास में सम्बद्ध कार्मिकों से यथावश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।
5– समस्त अधिकारीगण, विश्वविद्यालय।
6– समस्त कर्मचारीगण, विश्वविद्यालय।
7– विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
8– गार्ड फाइल।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

Scanned with CamScanner